
# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया



दरियादिली

मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने बिहार के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 51 लाख रुपये का चेक भेजा है। पेज 17


गुरुवार, 10 अक्तूबर 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण | www.livehindustan.com | वर्ष 24, अंक 235, 22 पेज + 4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी, विक्रम सम्वत् 2076




### बीटेक सातवें और आठवें सेमेस्टर के छात्रों को देनी होगी परीक्षा

# नैतिक मूल्यों के दो नए कोर्स पढ़ेंगे बीटेक छात्र

**एआईसीटीई**

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

इंजीनियर के साथ छात्रों को बेहतर इंसान बनाने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई ने इस सत्र से बीटेक सातवें व आठवें सेमेस्टर के छात्रों के लिए नैतिक मूल्यों से जुड़े दो नए कोर्स शुरू किए हैं। छात्रों को ओपन इलेक्टिव कोर्स के तहत इसकी परीक्षा देना होगी।

छात्रों में नैतिक मूल्यों को बढ़ाने के लिए एआईसीटीई की ओर से नए सत्र के साथ ह्यूमन वैल्यू पर सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस साल से सातवें और आठवें सेमेस्टर में 'अंडरस्टैंडिंग द ह्यूमन बींग- ह्यूमन एसपीरेशन एंड फुलफिलमेंट विषय पढ़ाया जाएगा।

दिसम्बर से विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो रही है। लिहाजा सातवें सेमेस्टर के छात्रों को इसकी परीक्षा देना होगी जबकि सम सेमेस्टर परीक्षा में आठवें सेमेस्टर के छात्र इसकी परीक्षा देंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो राजीव कुमार बताते हैं कि नैतिक मूल्यों से जुड़े इन कोर्सों को इस सत्र से लागू किया जा रहा है।



- छात्रों को पढ़ाने से पहले शिक्षकों को दी जाएगी ट्रेनिंग
- परीक्षा और विषय की दी जाएगी जानकारी

**तीन दिन प्रशिक्षण**

एआईसीटीई की ओर से लागू इन दो कोर्सों को छात्रों को क्लास रूम में पढ़ाने से पहले शिक्षकों के लिए तीन दिन की ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। इसमें लखनऊ रीजन में बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट और गाजियाबाद में जयपुरिया इंस्टीट्यूट में 11 से 13 अक्तूबर तक शिक्षकों के तीन दिन का ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए शिक्षक 10 अक्तूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। विश्वविद्यालय के वैल्यू एजुकेशन सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को बताया जाएगा कि इस विषय को किस तरह पढ़ाया जाएगा। विषय की परीक्षा कैसे होगी और कापियों की चेकिंग कैसे की जाएगी।

**बिना पास किए नहीं मिलेगी डिग्री**

प्रो राजीव कुमार के मुताबिक इस विषय में पास होना जरुरी होगा। छात्र जब तक इस विषय को पास नहीं करेंगे उनको डिग्री नहीं दी जाएगी। हालांकि जानकारों की मानें तो सातवें सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो चुकी है लेकिन इस विषय को पढ़ाने के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू नहीं हो पाए हैं।

# आईआईटी दिग्गज एकेटीयू के शिक्षकों को ट्रेनिंग देंगे

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय आईआईटी कानपुर के साथ मिल कर एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है।

इसमें आईआईटी के दिग्गज एकेटीयू के शिक्षकों को सिविल इंजीनियरिंग स्ट्रक्चर फॉर आपरेशनल एंड एक्स्ट्रीम लोड विषय पर शिक्षकों को पांच दिन की ट्रेनिंग देंगे। इसे लेकर एकेटीयू प्रशासन ने सभी कॉलेजों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। एकेटीयू और आईआईटी कानपुर मिल कर शिक्षकों में बेहतर टीचिंग स्किल डेवलप करेगा। इसके लिए 21 से 25 अक्तूबर तक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू होने जा रहा है। एकेटीयू प्रशासन के अनुसार इसमें सीमित सीटें ही उपलब्ध है। पहले रजिस्ट्रेशन कराने वाले शिक्षक को ही वरीयता दी जाएगी। प्रशासन के अनुसार शिक्षक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 14 अक्तूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।